भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: 267
09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम

***267. श्री राव राजेन्द्र सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान उन चुनिंदा राज्यों में से एक है जिनके माध्यम से सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत देश में एचपीवी टीकाकरण शुरू किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में राजस्थान को शामिल करने का विचार है ताकि राज्य में रह रही महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास राजस्थान में रह रहे ऐसे लोगों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध हैं जिनका सर्वाइकल कैंसर का निदान किया गया है और/अथवा वर्तमान में उनका उपचार चल रहा है; और
(घ) यदि हां, तो महिला और पुरुषों की संख्या और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

09 अगस्त, 2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 267 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत, 12 टीका निवारणीय रोगों (वीपीडी) के लिए 11 टीके प्रदान किए जाते हैं। एचपीवी वैक्सीन सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) का हिस्सा नहीं है।

(ग) और (घ): राजस्थान राज्य में, राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल पर 31 जुलाई, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कुल 2,156 महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का निदान हुआ है और वर्तमान में 1,712 महिलाएं सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में उपचार करा रही हैं।

****